# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की 31वीं बैठक दिनांक-05.05.2017

### कार्यवृत

प्रबन्ध मण्डल की 31वीं बैठक दिनांक 05.05.2017 को 11:30 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन में स्थित सभा-कक्ष में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित उपस्थित हुए :-

अध्यक्ष

प्रो0 पी.के. दशोरा
माननीय कुलपति,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

नामित सदस्य

2. श्री रघुवीर मीणा
नामित सदस्य, प्रमुख शासन सचिव,
वित्त विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर

नामित सदस्य

3. डॉ0 एस.एन. गर्ग
नामित सदस्य, प्रमुख शासन सचिव
उच्च शिक्षा विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर

सदस्य

4. प्रो. जॉन वर्गिस
कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित

सदस्य

5. प्रो. अरविन्द कुमार
कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित

सदस्य

6. प्रो0 एन.के. जैमन
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता

सदस्य

7. प्रो0 राजीव जैन
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता

सदस्य

8. प्रो0 आशु रानी
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य

संदीप मीणा

9. प्रो0 रीना दाधीच — सदस्य
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य

10. डॉ0 संदीप सिंह चौहान — सदस्य सचिव
कुलसचिव

11. श्री एस. एन. शर्मा — विशेष आमंत्रित सदस्य
वित्त नियंत्रक,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

12. डॉ0 एम.एल. गुप्ता — विशेष आमंत्रित सदस्य
प्रशासनिक सचिव, कुलपति
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

माँ सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ बैठक की शुरूआत हुई। बैठक प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी माननीय सदस्यों व कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्यों यथा प्रो. जॉन वर्गिस तथा प्रो. अरविन्द कुमार का स्वागत एवं परिचय कराया गया।

माननीय कुलपति महोदय ने अपने अभिवादन में विश्वविद्यालय के विगत चार माह की उपलब्धियों व गतिविधियों से माननीय सदस्यों को अवगत कराया जो कि निम्नानुसार है –

- कोटा विश्वविद्यालय द्वारा NAAC की प्रत्यायन श्रेणी प्राप्त करने के लिए Self-Study Report (SSR) तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। जिसके फलस्वरुप दिनांक 27.12.2016 को Letter of Intent (LOI) स्वीकृत हो चुका है। अब NAAC द्वारा गठित Peer Team का विश्वविद्यालय परिसर में भ्रमण कर मूल्यांकन किया जाना शेष है।
- विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्थ दीक्षान्त समारोह की सम्पूर्ण तैयारियां की जा चुकी है। राजभवन से निर्देश मिलते ही समारोह आयोजित करवा लिया जायेगा।
- विश्वविद्यालय में Heritage भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा खेल संकुल एवं छात्रावास का निर्माण भी अंतिम चरण में है। शीघ्र ही उक्त भवनों का उद्‌घाटन कर उनमें अकादमिक व खेल गतिविधियां प्रारम्भ कर दी जायेगी।
- विश्वविद्यालय द्वारा अपने अकादमिक सत्र को एक जुलाई से प्रारम्भ कर वार्षिक एवं समसत्रीय परीक्षाएं समय पर करवाई। जिससे समय पर परीक्षा परिणाम घोषित हो व विश्वविद्यालय 1 जुलाई 2017 से नया सत्र प्रारम्भ कर सके।
- सत्र 2017–18 से विज्ञान में स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र में पाठ्यक्रम संचालित किए जाने पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।
- सभी विषयों के लिए BOS/COC की बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं।

संदीप चौहान

- हाल ही में दिनांक 30 अप्रेल 2017 को विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय BSTC 2017 के लिए प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।
- सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा अर्थशास्त्र पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।
- विवेकानन्द जयंती के अवसर पर भारत की सांस्कृतिक पहचान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ. महेश शर्मा मुख्य वक्ता थे।
- विश्वविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ द्वारा जेल में बंद महिला कैदियों के उत्थान हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार इस वर्ष 28 फरवरी 2017 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस "दिव्यागों के उत्थान के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का योगदान" नामक विषय पर मनाया गया।
- प्रो. आशु रानी को फ्लाई एश कोटा स्टोन स्लरी को उपयोगी केटेलिस्ट में बदलने पर भारत सरकार के पेटेन्ट विभाग ने बीस वर्ष के लिए पेटेन्ट जारी कर दिया गया है। इसके लिये सभी सदस्यों ने प्रो. आशु रानी को बधाई दी।
- माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल महोदय के निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय परिसर में सौ फीट ऊँचाई पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किये जाने हेतु सम्पूर्ण तैयारियां की जा चुकी है। राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किये जाने हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप निविदा जारी कर कार्यादेश जारी किया जा चुका है।
- माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल महोदय के निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय का कुलगीत तैयार कर उसे लयबद्ध भी कर लिया गया है।

माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन एवं सद्प्रयासों की सदन द्वारा सराहना की गई।
माननीय कुलपति महोदय ने सदन को अवगत कराया कि प्रबन्ध मण्डल की गत बैठक के निर्णय के क्रम में बजट प्रावधानों पर विचार करने के लिये तथा बजट के उपयोग पर मॉनिटरिंग करने हेतु प्रबन्ध मण्डल की पृथक बैठक आज आहुत की गई है। अतः आज इस बैठक में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय का बजट विचार–विमर्श कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर विस्तृत बिन्दुवार चर्चा उपरोक्त निम्नानुसार संकल्प / निर्णय पारित किये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–1 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.01.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.01.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–2 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.01.2017 में लिये गये निर्णयों के सम्बंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.01.2017 में लिये गये निर्णयों के सम्बंध में की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। |

**मद संख्या–3** : **वित्त समिति की बैठक दिनांक 04.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना (वित्तीय वर्ष 2017–18 के बजट अनुमान तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 के संशोधित बजट अनुमान)**

**निर्णय** : विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2016–17 के संशोधित आय–व्यय अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये आय–व्यय प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया, जिसके अन्तर्गत आय मद में राशि रु. 76.75 करोड़ एवं व्यय मद में राशि रु. 76.65 करोड़ के प्रस्तावों का निम्नांकित सुझावों के साथ अनुमोदन किया गया।

1. विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेशित नियमित छात्रों के दुर्घटना/जोखिम की स्थिति में वित्तीय सहायता/राहत प्रदान करने के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तावित सामूहिक दुर्घटना बीमा कराये जाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के सुसंगत उपाबंधों के अंतर्गत बीमा पॉलिसी के उपापन की कार्यवाही की जावें।

2. विश्वविद्यालय की अंतर्निहित भावी देयताओं यथा पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाशों के नकदीकरण, विश्वविद्यालय निधियों के संरक्षण/संधारण, प्रोविडेण्ट फण्ड, स्टाफ वेल्फेयर आदि के सम्यक् रूप से निर्वहन के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय कोष की अव्ययित राशि को सनदी लेखाकार के परामर्श से नियमानुसार उपयुक्त कोषों का सृजन कर किसी अधिसूचित प्राधिकरण में निवेश किये जाने के समुचित प्रयत्न किये जावें।

3. वित्त समिति के कार्यवाही विवरण के बिन्दु सं. 13.2 पर उल्लिखित विश्वविद्यालय के विभिन्न संवर्गों में प्रस्तावित वित्तीय विवक्षा विहीन छाया–पद पदनामित करने के संदर्भ में सहमति व्यक्त करते हुये राज्य सरकार के अनुमोदन उपरांत वांछित क्रियान्विति करने के निर्देश प्रदान किये गये।

4. वित्त समिति कार्यवाही विवरण के बिन्दु सं. 13.3 पर उल्लिखित/प्रस्तावित स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति के पुनरूद्धार कराये जाने की सहमति व्यक्त करते हुये विद्यमान मूर्ति की प्रतिष्ठा सुनिश्चित करने एवं किसी मूर्तिकला विशेषज्ञ/कलाकार के परामर्शानुसार RTPP नियमों के अन्तर्गत मूर्ति के पुनरूद्धार/प्रतिस्थापन संबंधी आवश्यक उपापन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर तरणताल
निर्माण हेतु स्वीकृत अनुदान राशि रु. 125 लाख के समक्ष राशि रु. 62.50
लाख प्रथम किश्त के रूप में विश्वविद्यालय को प्राप्त हुये थे। जिसका
उपयोग मार्च 2017 तक किया जाना था लेकिन विश्वविद्यालय परिसर में
जल की अनुपलब्धता/तकनीकी कारणों से आलोच्य अवधि में भवन निर्माण
समिति की राय के अनुसार तरणताल का निर्माण कार्य आस्थगित किया
गया। तद्नुसार विश्वविद्यालय द्वारा आलोच्य राशि के आउटडोर प्लेफील्ड के
निर्माण मद में पुनर्वियोजन करने अथवा आगामी दो वर्षों में तरणताल
निर्माण कार्य हेतु राशि के उपयोग की अनुमति चाहने हेतु यू.जी.सी. को
अनुरोध किया गया लेकिन यू.जी.सी. द्वारा विश्वविद्यालय के पूर्वोक्त प्रस्ताव
को नामंजूर करते हुये प्रदत्त अनुदान राशि मय ब्याज लौटाने के निर्देश
प्रदान किये गये है। प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रकरण पर आवश्यक चर्चा उपरांत
यू.जी.सी. से प्राप्त सहायता राशि के तकनीकी कारणों से वर्ष 2016–17 में
उपयोग किये जाने में विलंब को मध्यनजर रखते हुये आलोच्य सहायता राशि
को आगामी वर्षों में उपयोग करने की अनमुति चाहने हेतु एक बार पुनः यू.
जी.सी. को अनुरोध किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।



रंजीत चौधरी

| | | |
|---|---|---|
| | | 6. प्राप्तियों एवं भुगतानों के संबंध में भारत सरकार/राज्य सरकार के कैशलेस, डिजीटल संव्यवहारों संबंधी प्रदत्त निर्देशों के परिपेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित एवं प्रतिष्ठित उपयुक्त बैंक एजेन्सी, पेमेन्ट गेटवे सेवाप्रदाता एजेन्सी का चयन किया जाकर कैशलेस संव्यवहारों को प्रोत्साहित किया जावें। |
| **मद संख्या–4** | : | **भवन समिति की बैठक दिनांक 04.07.2016 तथा दिनांक 13.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | भवन समिति की बैठक दिनांक 04.07.2016 तथा दिनांक 13.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| **मद संख्या–5** | : | **अन्य बिन्दु, आसन की अनुमति से।** |
| निर्णय | : | 5.1 खेल मण्डल की बैठक दिनांक 10.08.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।<br><br>5.2 निरीक्षण मण्डल की बैठक दिनांक 17.07.2016 व 24.04.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।<br><br>5.1 – खेल मण्डल की बैठक दिनांक 10.08.2016 के निर्णयों को स्वीकृत नहीं किया गया तथा सदन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वित्तीय समावेशन के परिप्रेक्ष्य में खेल मण्डल की बैठक में लिये गये निर्णयों को पुनर्विचार कर वित्त समिति के माध्यम से आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में प्रस्तुत किये जावे।<br><br>5.2 – निरीक्षण मण्डल की बैठक दिनांक 17.07.2016 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। साथ ही निरीक्षण मण्डल की बैठक दिनांक 24.04.2017 की क्रियान्विति रिपोर्ट का निम्नांकित कार्यवाही के अध्यधीन अनुमोदन किया गया –<br><br>मद संख्या 6 के निर्णय में उल्लेखित बालाजी कन्या महाविद्यालय, सवाई माधोपुर के प्रकरण को विशेष परिस्थितियों के तहत अपवाद स्वरूप मानते हुये शेष आरोपित शास्ति को माफ किये जाने के सम्बन्ध में सदन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शेष शास्ति महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के अध्ययन एवं पाश्येतर गतिविधियों/सुविधाओं के विकास में व्यय की जावेगी। साथ ही महाविद्यालय को सख्त चेतावनी दी जावे कि भविष्य में उक्त प्रकरण की पुनरावृति होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।<br><br>मद संख्या 7 में उल्लेखित प्रकरण में महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण से संबंधित तथा प्राचार्य व व्याख्याताओं के चयन संबंधी दस्तावेजों को रद्दी घोषित करने के सम्बन्ध में सदन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर समिति का गठन कर अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त कर दिशा–निर्देश तय किये जाये तथा तदानुसार आगामी कार्यवाही की जावे, जिसे प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक में सूचित किया जावें।<br><br>सदन को हाल ही में तैयार किया गया विश्वविद्यालय का कुल गीत सुनाया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सहर्ष अनुमोदित किया गया। कुलगीत तैयार करवाने के निमित्त हुए आवश्यक व्ययों का भुगतान करने हेतु प्रबंध मण्डल द्वारा माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। |

संदीप चौहान

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये आदर्श ग्राम डूंगरजा में किये गये विभिन्न कार्यों/गतिविधियों का प्रतिवेदन भी प्रबन्ध मण्डल के समक्ष रखा गया। सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। |

अन्त में कुलपति महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

**बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।**

संदीप चौहान
(डॉ0 संदीप सिंह चौहान)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव